भाकृअनुप – केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
श्री गंगानगर राजमार्ग, बीछवाल, बीकानेर-334 006 (राज)
ICAR-CENTRAL INSTITUTE FOR ARID HORTICULTURE
Sri Ganganagar Highway, Beechwal-BIKANER-334 006

एमजीएमजी गांवों में आयोजित हुआ "खेत बचाओ अभियान", किसानों को दिया प्राकृतिक संसाधन संरक्षण का संदेश

बीकानेर, 08 जून 2026। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर द्वारा बीकानेर जिले के एमजीएमजी गांवों सुजासर एवं सूरधना में "खेत बचाओ अभियान" का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम में डॉ. एस. आर. मीणा, डॉ. डी. के. सामदिया, डॉ. धुरेन्द्र सिंह, डॉ. रमेश कुमार एवं डॉ. मुकेश बरवाल शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. एस. आर. मीणा ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा संस्थान की विभिन्न किसानोन्मुख गतिविधियों की जानकारी देते हुए किसानों का स्वागत किया।

इस अवसर पर, संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी. के. सामदिया ने खेतों एवं पर्यावरण संरक्षण में शुष्क क्षेत्रीय सब्जियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये फसलें कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देती हैं तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों के लिए लाभकारी विकल्प हैं। डॉ. धुरेन्द्र सिंह ने सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों एवं जल संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किसानों को जागरूक किया। डॉ. रमेश कुमार ने बेर, बेल, अनार एवं खजूर जैसे शुष्क क्षेत्रीय फलों की खेती को खेत बचाने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने में उपयोगी बताते हुए इनके आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मुकेश बेरवाल ने शुष्क क्षेत्रीय फल एवं सब्जियों के पोषणीय तथा न्यूट्रास्यूटिकल गुणों की जानकारी दी। उन्होंने मानव स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार तथा पौधों के लिए संतुलित पोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ फसल और स्वस्थ मानव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अभियान के दौरान किसानों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया।